उल्टा पुल्टा

पति के घर से बाहर निकलते ही पत्नी बोली : भगवान के हाथ जोड़कर घर से निकला करो, सारे काम अच्छे होंगे।
पति : मैं नहीं मानता, शादी वाले दिन भी हाथ जोड़कर ही घर से निकला था।

# कैपिटल ज़ोन

## चांदनी चौक जल्द होगा जाम मुक्त : शैली

### मेयर ने चांदनी चौक में गांधी मैदान मल्टीलेवल पार्किंग का किया निरीक्षण



**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बुधवार को चांदनी चौक क्षेत्र में दिल्ली नगर निगम द्वारा विकसित की जा रही गांधी मैदान मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया। ऐतिहासिक चांदनी चौक क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर गांधी मैदान मल्टी लेवल पार्किंग परियोजना को विकसित किया जा रहा है। इस मल्टी लेवल पार्किंग परियोजना के पूरा होने के बाद नागरिकों के लिए लगभग 2300 कारों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेयर को परियोजना की कार्य योजना, निर्माण और परिसर में विकसित की जा रही सुविधाओं से अवगत कराया। मेयर डॉ. शैली

> चांदनी चौक में एक माह के भीतर पार्किंग की सुविधा मिलने लग जाएगी : **शैली ओबरॉय**

ओबरॉय ने परियोजना के विभिन्न पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मेयर ने अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश जारी किए, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इस पार्किंग फैसेलिटी को समर्पित किया जा सके। मेयर डॉ. ओबेरॉय ने कहा कि अभी पार्किंग की बेहतर सुविधा उपलब्ध नहीं होने से गाडियां सड़क पर खड़ी रहती हैं। इससे सड़कों पर जाम की स्थिति भी पैदा होती है। चांदनी चौक में एक माह के भीतर पार्किंग की सुविधा मिलने लग जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम के इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में पार्किंग की समस्या का समाधान होगा और ऐतिहासिक चांदनी चौक क्षेत्र में यातायात भी सुगम होगा। ऐतिहासिक चांदनी चौक एक शॉपिंग हब भी है। इस लिहाज से यह प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण हैं। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम शहर के अन्य हिस्सों में भी अधिक से अधिक पार्किंग सुविधाएं विकसित करने का प्रयास कर रहा है। आने वाले समय में अन्य स्थानों पर निर्माणाधीन पार्किंग परियोजनाओं को नागरिकों को समर्पित किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी, क्षेत्रीय पार्षद पुनरदीप साहनी, डीसी कुमार अभिषेक सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## एमसीडी के स्कूलों के छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए मिलेंगे 11 सौ रुपए : आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकेश गोयल ने कहा कि एमसीडी स्कूलों के छात्रों की यूनिफॉर्म के पैसों में कोई कटौती नहीं की है। पिछले साल भाजपा के स्पेशल ऑफिसर की वजह से बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए पूरी राशि नहीं मिली थी। लेकिन इस साल आप की सरकार बनने पर पूरे 1100 रुपए मिलेंगे। पार्षद अंकुश नारंग ने कहा कि शिक्षा मंत्री आतिशी के साथ मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने स्कूलों का निरीक्षण किया और स्कूलों की मरम्मत के लिए फंड जारी किया है। अभी तक 240 स्कूलों को मरम्मत के लिए चिन्हित किया जा चुका है। दिल्ली नगर निगम के नेता सदन मुकेश गोयल और पार्षद अंकुश नारंग ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं ने कल दिल्ली सरकार और मेयर के ऊपर झूठे आरोप लगाए हैं।

## शिक्षक ओलंपियाड में तीन लाख शिक्षकों के भाग लेने का अनुमान

**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय शिक्षक ओलंपियाड (आईटीओ)-2023 के आयोजन में दुनिया भर के दस हजार स्कूलों के तीन लाख से अधिक शिक्षकों के भाग लेने का अनुमान है। शिक्षक कॅरियर प्लेटफार्म 'सुरासा' द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में साल 2022 में 30 देशों के 5500 स्कूलों के 68,000 शिक्षक शामिल हुए थे। साल 2022 के इस आयोजन की बड़ी सफलता देखते हुए आईटीओ 2023 में 45+ देशों के 10,000+ स्कूलों के 300,000 शिक्षकों के भाग लेने का अनुमान है। आईटीओ के माध्यम से शिक्षकों को उनके हक का सम्मान देने के साथ शिक्षा पेशे में उनके विकास का मार्गदर्शन किया जाता हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और बड़ी रकम का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया जाता है। सुरासा के संस्थापक और सीईओ ऋषभ खन्नाा के मुताबिक आईटीओ शिक्षकों को सम्मानित करने की पहल है और इसका लक्ष्य उन्हें पूरी दुनिया के सामने वह आदर और प्रतिष्ठा प्रदान करना है जिसके वे हकदार हैं। शिक्षकों को यह आइडिया बहुत पसंद आया है और वह जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतीक्षा सूची में नाम दर्ज कर रहे हैं। ओलंपियाड 7 अक्टूबर 2023 को अंग्रेजी भाषा में आयोजित होगा।

## भारत में निर्मित उपग्रह से शुरू हुई कई सेवाएं : सोमनाथ

### देश के एयरोस्पेस के कौशल को हमारा आभार



**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। जीसैट-24 एक 4-टन वर्ग का संचार उपग्रह है, जो डीटीएच सेवाएं प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इसने कक्षा में विस्तृत परीक्षण के बाद अपनी अधिकतम उपग्रह क्षमता के साथ काम करना शुरू कर दिया है। सोमवार को यह जानकारी देते हुए इसरो के चेयरमैन एस.सोमनाथ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकी द्वारा लाई गई एक क्रांति का प्रतीक है। यह हमारे देश के एयरोस्पेस के कौशल को हमारा आभार है और मांग पर आधारित मिशन के क्षेत्र में भारत के सफल प्रवेश की शुरुआत करता है। बता दें कि टाटा प्ले ने सरकार के मेक इन इंडिया लक्ष्य के अनुरूप जून 2022 में एनएसआईएल के साथ गठबंधन कर जीसैट-24 उपग्रह का प्रक्षेपण किया। टाटा प्ले अपने कक्ष में स्थापित हो चुके इस उपग्रह का उपयोग शुरू कर दिया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली के छतरपुर में टाटा प्ले के प्रसारण केंद्र पर हुआ। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि जीसैट-24 सफलतापूर्वक शुरू होने के लिए डीओएस और टाटा प्ले को बधाई। इस आयोजन ने अंतरिक्ष और संचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और कदम बढ़ाया है। वहीं, एनएसआईएल के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कि राधाकृष्णन दुरईराज ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के बाद जीसैट-24 एनएसआईएल द्वारा शुरू किया गया पहला मांग आधारित संचार उपग्रह मिशन है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर टाटा प्ले के एमडी व सीईओ, हरित नागपाल ने कहा कि टाटा प्ले द्वारा देखने के अनुभव को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। एनएसआईएल के साथ इस सहयोग द्वारा हमारे डीटीएच ग्राहकों को और भी बेहतर वीडियो एवं ऑडियो गुणवत्ता मिलेगी और वो कई सारे चैनलों व सेवाओं का आनंद ले सकेंगे।

### सार संक्षेप

## पांच वर्षों में कर्जे के कारण 50 हजार से अधिक लोगों ने की आत्महत्या : शाहनवाज चौधरी

**नई दिल्ली।** कर्जे की दलदल में फंसे लोगों की कर्ज माफी के लिए दिल्ली के रामलीला मैदान में एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। सांकेतिक भूख हड़ताल में 60 हजार के करीब लोग आए थे और कर्ज माफी के लिए अभी तक 6.81 लाख लोग आवेदन कर चुके हैं जिनका कुल कर्ज 4.5 लाख करोड़ है। धार्मिक एकता ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहनवाज़ चौधरी भारतीय ने बताया कि सरकार के आंकड़े हैं कि पिछले पांच वर्ष में कर्जे के कारण 50 हजार से अधिक लोग आत्महत्या कर चुके हैं। अकेले पिछले वर्ष ही 20 हजार से अधिक लोगों ने कर्ज के कारण परेशान होगा आत्महत्या की है। जनता की इसी समस्या को देखते हुए शाहनवाज चौधरी भारतीय और उनकी टीम जुलाई 2022 से देश के सभी राज्यों में ऐसे लोगों की जानकारी इकट्ठा करके सरकार तक पहुंचा रहे हैं जो कि कर्जे के कारण परेशान है। अभी तक 7 बार वित्त मंत्रालय तथा 7 बार प्रधानमंत्री कार्यालय को ऐसे लोगों की जानकारी भेजी जा चुकी है जिन्होंने बताया कि नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन के कारण उनका व्यापार बंद हो जाने या नौकरी छूट जाने के कारण वे कर्ज़ की दलदल में फंसे हैं। कर्जे की दलदल में फंसे लोग चाहते हैं कि या तो सरकार किसानों और बड़े उद्योगपतियों की तरह ही उनका कर्जा भी माफ कर दें या कर्जा चुकाने के लिए कम से कम दो वर्ष का समय दे दें।

## केएसबी लिमिटेड ने 24.8 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारत में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एक, केएसबी लिमिटेड ने जनवरी से जून 2022 की तुलना में जनवरी से जून 2023 की अपनी हॉफ ईयरली सेल में 10,809 मिलियन रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट फारुख भथेना ने कहा की केएसबी ने 2023 की दूसरे क्वार्टर के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन और महत्वपूर्ण विकास प्रदर्शित किया। हमारा लक्ष्य शेष वर्ष में भी एक मजबूत प्रदर्शन बनाए रखना है, जो 2023 की दूसरी तिमाही में 6165 मिलियन रुपए के अच्छे ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। कम्पनी के अनुसार 2022 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 24.8 फीसदी की वृद्धि हुई। दूसरे क्वार्टर में ऑर्डर इनटेक 6165 मिलियन रुपए के साथ 2022 की दूसरे क्वार्टर की तुलना में 26 फीसदी बढ़ा है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, केएसबी उत्कृष्टता, सस्टेनेबिलटी और सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए स्थायी वैल्यू बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## केंद्र के फंड से बने वेस्ट टू वंडर पार्क का श्रेय ले रही निगम : सचेदवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक पत्रकार वार्ता में आईटीओ के शहीदी पार्क स्थल पर दिल्ली के तीसरे वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दिल्लीवासियों की ओर से आभार प्रकट किया है। दिल्ली भाजपा के मीडिया विभाग प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल पत्रकार वार्ता में उपस्थित थे। सचदेवा ने कहा है कि केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा दिए गए 15 करोड़ रूपये के अनुदान से शहीदी पार्क का पुनर्विकास किया गया है और पूरे देश की सांस्कृतिक झलक दिखाता हुआ यह पार्क अब मध्य दिल्ली का एक उत्कृष्ट पर्यटक केंद्र बनेगा।

## मोदी से मिले राज्यसभा सांसद डॉ.मित्तल

**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के चांसलर व राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के दौरान, डॉ.मित्तल ने प्रधानमंत्री को वर्ष 2019 में एलपीयू में आयोजित इंडियन साइंस कांग्रेस के दौरान उनकी यात्रा की याद दिलाई,जहां उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय को संबोधित किया था और जय अनुसंधान का नारा भी दिया था। डॉ.मित्तल ने उच्च शिक्षा में रिसर्च और इनोवेशन तथा आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्री-एकेडेमिया तालमेल को मजबूत करने के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कैसे एलपीयू अपने विद्यार्थियों को उद्योग-प्रासंगिक शिक्षा और ट्रेनिंग प्रदान करके नेशनल स्किल डेवलपमेंट मिशन में योगदान दे रहा है। डॉ.मित्तल ने शिक्षा क्षेत्र को निरंतर समर्थन के लिए प्रधान मंत्री का आभार व्यक्त किया और सरकार की नई शिक्षा नीति (एनईपी) पहल के लिए भी प्रशंसा व्यक्त की। डॉ.मित्तल ने प्रधान मंत्री को सूचित किया कि वे स्वंय तथा एलपीयू एनईपी नीति के लिए सरकार द्वारा उचित समझी जाने वाली किसी भी भूमिका को निभाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। पीएम मोदी ने मित्तल परिवार के साथ काफी समय बिताया और शिक्षा और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की 7 उन्होंने डॉ. मित्तल के विचारों की सराहना की और कहा कि शिक्षा सुधार उनके दिल के बहुत करीब हैं।



## आदिवासियों के कल्याण को प्रतिबद्ध : केसीआर

**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के.चन्द्रशेखर राव ने शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि राज्य सरकार जंगल में आस्था रखने वाले और पवित्र हृदय से रहने वाले आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आदिवासी विकास संबंधी गतिविधियों को देश के लिए आदर्श मानकर क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में नौ वर्षों से संचालित विभिन्न योजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित हो रही हैं और उनके जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन के नारे के साथ संघर्ष करने वाले आदिवासी स्वाभिमान सेनानी कुमराम भीम की आकांक्षाओं को राज्य सरकार ने क्रियान्वित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मिशन भगीरथ, कालेश्वरम और अन्य परियोजनाओं के साथ जंगल के सुदूर इलाकों में



> आदिवासी विकास संबंधी गतिविधियों को देश के लिए आदर्श मानकर किया जा रहा क्रियान्वित : **के.चन्द्रशेखर राव**

गोंड गुड़ाओं और आदिवासी टांडों को पीने का पानी और कृषि के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराकर जल के नारे को साकार किया है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना एकमात्र राज्य है जो जंगलों को पुनर्जीवित करने के कार्यक्रम चलाकर और वन भूमि की रक्षा के लिए सशस्त्र उपाय करके देश के लिए एक उदाहरण के रूप में जंगल की रक्षा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मावा नाटे मावा राज के आदिवासियों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को साकार करते हुए न केवल 2471 गुडों और टांडों को ग्राम पंचायत बनाया गया है बल्कि इतनी ही संख्या में आदिवासी और आदिवासी बच्चों को लोकतांत्रिक सत्ता व्यवस्था में भागीदार बनाया गया है। इसी संदर्भ में, तेलंगाना राज्य ने आदिवासियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए शिक्षा और नौकरी क्षेत्रों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करके देश के लिए एक मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बंजारा हिल्स, नट्टनाडुमा, हैदराबाद में कुमराम भीम और संत सेवालाल के नाम पर करोड़ों रुपए की इमारतें बनाई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर उच्च स्तरीय गुरुकुल शिक्षा और विदेशी शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए, सरकार आधिकारिक तौर पर संत सेवालाल जयंती, कुमारमभीम जयंती, वर्धांतुलु, भौरापुर जतारा, केसलापुर, नागोबा, जंगूबाई जतारा और नाचराम जतारा जैसे उनके त्योहारों का आयोजन करती है।

### आदिवासियों के जमीन के अधिकार की रक्षा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आदिवासियों के जमीन के अधिकार की रक्षा करते हुए जंगल पर निर्भर रहकर खेती करने वाले आदिवासी किसानों को जमीन मुहैया कराई है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना एक लाख पचास हजार आदिवासियों को चार लाख एकड़ से अधिक उपजाऊ भूमि देने वाला देश का तीसरा सबसे बड़ा राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी किसान परिवारों के साथ-साथ बाकी सभी लोगों के लिए रायथु बंधु और रायथु बीमा योजनाओं को लागू करके सरकार ने कृषि का संवर्धन किया है।

## स्कूली छात्रों ने मनाया भारत छोड़ो दिवस, बाल श्रम के उन्मूलन पर नाटक आयोजित



**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल डिफेंस एन्क्लेव विकास मार्ग दिल्ली के छात्रों ने भारत छोड़ो दिवस मनाया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य संतोष आहूजा सहित स्कूल के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। एक ऐसा दिन जिसने भारत के लोगों को भारतीय स्वतंत्रता में मील का पत्थर बनाने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 4 और 5 के छोटे फूलों ने बाल श्रम और लिंग भेदभाव के उन्मूलन पर एक सूचनात्मक नाटक के साथ दिन की दिशा निर्धारित की। मूल भारत छोड़ो आंदोलन के 81 साल बाद, हमारे छात्रों ने इन सामाजिक बुराइयों को आधुनिक भारत छोडने् का आह्वान किया। समाचार पत्रों के पुराने और तीखे पीले पन्नों के माध्यम से कक्षा 4 के एक छात्र ने भारत छोड़ो आंदोलन पर जन जागरूकता और राय जुटाने में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। वरिष्ठ छात्रों ने पोस्टर मेकिंग के रूप में भारत की विविधता में एकता का जश्न मनाया। प्रधानाचार्य संतोष आहूजा के प्रेरक शब्दों के साथ सभा का समापन हुआ। उन्होंने सुविचारित और पूरी तरह से निष्पादित कार्यक्रमों की सराहना की। शहीदों को याद करते हुए छात्र गर्व और देशभक्ति से भर गए।


G20

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**टेंडर नोटिस सं. 41/2023–2024**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02231915 | डबल इनलेट सेन्ट्रीफ्यूगल ब्लोअर | 469 नग | 30.08.2023 |
| 02 | 07230146A | सेकेंडरी लेटरल डैम्पर फॉर फिएट बोगी | 599 नग | 14.09.2023 |
| 03 | 07230387 | रूफ वाटर टेंक 30 लीटर | 243 नग | 03.10.2023 |
| 04 | 07230210 | बेअरिंग फॉर एंटीरोल बार ऑफ एल एच बी कोचेस | 4538 नग | 04.10.2023 |
| 05 | 07230425 | स्विंगिंग नट फॉर एल एच बी कोचेस | 16022 नग | 26.10.2023 |

**निविदा शर्तें 1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाईट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. : 41/2023-2024 दिनांक : 09.08.2023 2467/2023

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## गतिशीलता बढ़ाने जैसे कार्य उत्तर रेलवे की प्राथमिकता : शोभन



- **महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा**
- **समय पालनबद्धता को बेहतर बनाने पर दिया जोर**
- **रेल पटरियों की दरारों की गहन निगरानी की जानी चाहिए**

**नई दिल्ली,**9 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बुधवार को उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में गतिशीलता में वृद्धि और अन्य विकासात्मक कार्यों व माल लदान जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उत्तर रेलवे ने समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखा है और रेलगाड़ियों के समय से चलने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने बताया कि संरक्षा के अलावा गतिशीलता बढ़ाने जैसे कार्य उत्तर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों और रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मण्डलों को गतिशीलता बढ़ाने संबंधी कार्यों में तेजी लाने और कार्यों की प्रगति की जांच करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने चल रहे मानसून सीजन के दौरान संरक्षा बढ़ाने पर बल दिया और रेल परिचालन के दौरान आने वाली बाधाओं को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। चौधुरी ने कहा कि जब भी आवश्यक हो संबंधित कर्मचारियों को परामर्श व प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेल पटरियों की दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी की जानी चाहिए और कोई त्रुटि नहीं छूटनी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय भूलों को न्यूनतम करने पर बल दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को रेलगाड़ियों की समय पालनबद्धता में और सुधार करने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान की गति को बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में प्रत्येक माह के साथ वृद्धि बनी हुई है। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नानू विकास खण्ड लोनी गाजियाबाद**

**पत्रांक: 05 /पंचायत/ओ0डी0एफ0 प्लस फेज-2/15वां वित्त/निविदा/2023-24** **दिनांक 09-08-2023**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नानू विकास खण्ड लोनी में निम्न कार्य हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (ओ0डी0एफ0 प्लस 2)/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत शील्ड बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 10.08.2023 से दिनांक 16.06.2023 दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। निविदाएं 16.08.2023 को सांय 3 बजे उसी दिन अधिकारी/आपूर्तिकर्ताओं के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (18% GST सहित) | अर्नेस्ट मनी (10 %) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (ओ0डी0एफ0 प्लस फेज 2)/15वां वित्त आयोग | | | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत मे खसरा न0 88 मे आर0आर0सी0 सेंटर का निर्माण कार्य | 1.00 जॉब | 728500.00 | 72850.00 | 730.00 | 1 माह |

1- अर्नेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी/एफ0डी0आर के रूप में जमा की जा सकती है जो सचिव ग्राम पंचायत नानू के नाम से बंधक होगी ।

2- कार्य पी0डब्लू0डी की विशिष्टियों के अनुरूप होगा ।

3- नियमानुसार सभी शासकीय कटोतियां की जायेंगी ।

4- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।

5- कार्य के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा लोनी से ली जा सकती है ।

**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम नानू**
**वि0ख लोनी गाजियाबाद**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

पार्किंग निर्माण से संबंधित दस्तावेज, जैसे पार्किंग डिजाइन, डीपीआर, फायर सेफ्टी, विद्युत यांत्रिकी एनओसी आदि दिए गए है। पार्किंग हैंडओवर होने के बाद संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी डीएमआरसी की होगी। साथ ही सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के नीचे सर्विस लेन पर बनी पार्किंग को समाप्त कर दिया जाएगा:- **डोरी लाल वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक**

## ऑनलाइन ज्वेलरी मालिकों को ठगने वाले 4 गिरफ्तार

### पहले क्रेडिट कार्ड धारक को ठग कर उसी पैसे से खरीदते थे गोल्ड, 2 लाख कैश बरामद





**नोएडा,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर टीम व थाना सेक्टर 20 नोएडा पुलिस ने संयुक्त रूप से क्रेडिट कार्ड का अमाउंट बढाने के नाम पर ठगी कर, उसी अमाउन्ट से गोल्ड लोन खरीदने के नाम पर दोबारा ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से कुल 02 लाख 12 हजार 400 रुपए कैश और 06 मोबाइल फोन और 3 लाख कीमत का गोल्ड फ्रीज कराया गया है।

डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर इनको गिरफ्तार किया है। इनका कोई भी स्थायी ऑफिस नहीं है। ये फोन और लैपटॉप से ऑपरेट करते थे। इनकी पहचान भुपेन्द्र पुत्र मुकेश कुमार, हिमांशु पुत्र सुनील कुमार, ध्रुव रहलान पुत्र अशोक कुमार और सचिन परिहार पुत्र अनिल हुई है।

डीसीपी ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है। जिसका मुख्य सदस्य भूपेन्द्र है। ये पहले भी हैदराबाद में इसी मामले में जेल जा चुका है। ये अपने साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन माध्यम से सोने की खरीदने और ठगी करने का काम साल 2018 से लगातार कर रहा है । उन्होंने बताया कि इनका टारगेट जुलरा शॉप होती थी। हाल ही में नोएडा के सेक्टर-18 में दो जुलरी शॉप से इन गिरोह ने ठगी की थी। जिनकी एफआईआर लिखी गई। जांच के बाद इस गिरोह को पकड़ा गया।

#### कैसे करते थे ठगी इसे समझे

डीसीपी ने बताया कि ये लोग धोखाधड़ी करके बैंक से विवरण लेकर खाता धारक को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए फोन करते थे। उससे कार्ड की डिटेल लेकर ये जुलरी शॉप को फोन करके गोल्ड के आभूषण और सिक्कों को खरीदने के लिए बातचीत करते थे। इसके बाद खरीदे गए सिक्कों एवं आभूषण की क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन पेमेंट कर देते थे। सिक्के और आभूषण लेने के लिए खुद नहीं जाते थे, बल्कि पोटर एप के जरिए किसी को शॉप पर भेजते थे। शॉप ऑनर को बताते थे कि मेरा ही एक आदमी आएगा जो आपको आईडी बताकर मॉल ले लेगा। क्रेडिट कार्ड धारक को पता चलने पर वो साइबर सेल को जानकारी देता था। जिससे ऑनलाइन पेमेंट को रोक दिया जाता था। जिसके बाद जुलरी शॉप मालिक को ठगी का पता चलता था।

#### रेजर पे खाते पर करते थे पेमेंट

अक्सर जुलरी शॉप मालिक रेजर पे खाते पर ही पेमेंट लेते है। यहा भी धोखाधड़ी के लिए इस वॉलेट का प्रयोग किया गया। क्रेडिट कार्ड से जो पेमेंट जुलरी शॉप मालिकों को किया गया वो इसी रेजर पे खाते में किया गया। खाते में पैसा आते ही जुलरी शॉप मालिक निश्चित हो जाते थे और सामान की डिलीवरी पोटर एप के जरिए पहुंचे व्यक्ति को दे देते थे। लेकिन जैसे ही क्रेडिट कार्ड धारक को ठगी का पता चलता था वो इस पेमेंट को ब्लॉक करवा देता था।

#### सीधे कर देते थे पेमेंट

यह गिरोह एक साथ मिलकर फोन के जरिए झारखंड एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में क्रेडिट कार्ड उपयोग कर रहे लोगों से प्वाइंट रिडीम करने के बहाने से लोगों से पैसों को सीधे ऑनलाइन शॉपिंग एप पर भुगतान करवाकर ऑनलाइन गोल्ड एवं इलेक्ट्रिक सामानों को खरीदते थे। खरीदे गए सामान को ओएलएक्स एवं गोल्ड की वस्तुओं को अन्य ऑनलाइन शॉपिंग एप के माध्यम से बेच दिया जाता था।

## गाजियाबाद में डेंगू से निपटेंगे ढाई सौ ब्रीडिंग चेकर, उतरे फील्ड में

**गाजियाबाद,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। जनपद में डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. भवतोष शंखधर ने बताया कि जिले में 250 ब्रीडिंग चेकर की टीम फील्ड में उतारी गई है। उन्होंने बताया -175 लोग दिहाड़ी पर रखे गए हैं जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सपोर्टिंग स्टाफ को भी इस टीम में शामिल किया गया है। कुल मिलाकर 250 लोग एक साथ फील्ड में उतारे गए हैं, जो घर-घर जाकर मच्छर जनित परिस्थितियों की जांच करेंगे, उन्हें नष्ट कराएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। जिला सर्विलांस अधिकारी (डीएसओ) डा. आरके गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को ब्रीडिंग चेकर टीम को सीएमओ कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। डीएसओ ने बताया - टीम के सदस्यों को एक फॉर्मेट भरने के बारे में बताया गया है, साथ ही यह बताया गया है कि किसी भी घर में जाने पर मुखिया से किस तरह बात करनी और उसका मोबाइल नंबर भी लेना है, ताकि सीएमओ कार्यालय से टीम का फीडबैक भी लिया जा सके। टीम को बताया गया है कि हर घर में जाकर कूलर अवश्य चेक करें। फूलदान और गमलों को चेक करें। कूलर में यदि पानी है तो उसे अपने सामने साफ कराएं। कूलर यदि सूखे होंगे तो डेंगू का संक्रमण फैलाने वाले एडीज मच्छर ब्रीडिंग नहीं कर पाएंगे और डेंगू के फैलाव को प्रभावी रूप से रोका जा सकेगा। आईडीएसपी पर तैनात लैब टेक्निशियन अभिनव ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि टीम के सदस्य घर में जाकर लार्वा कैसे चेक करें। इसके लिए कूलर, एसी, फ्रिज चेक करने जरूरी हैं, यही वह जगह हैं जहां एडीज मच्छर का लार्वा पैदा होता है। दरअसल यह



मच्छर साफ और रुके हुए पानी में ही ब्रीडिंग करता है। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सर्वे कैसे करना है।

#### स्वास्थ्य विभाग की टीम को सहयोग करें : जिलाधिकारी

जिले में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं, इसलिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों ने संचारी रोगों पर काबू करने के लिए मॉनिटरिंग बढ़ा दी है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस कार्य में आरडब्ल्यूए और ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य स्वास्थ्य विभाग की मदद करें। खासकर शहरी क्षेत्र में सोसायटीज के अंदर व्यापक सहयोग की जरूरत होती है। लार्वा की चेकिंग, स्प्रे और फॉगिंग टीम को सहयोग प्रदान किया जाए। डीएम ने कहा कि जागरूक बनें, संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताई जा रही बातों का पालन करें। साफ-सफाई का ध्यान रखें और अपने घर के आसपास जलजमाव न होने दें।

## डीएमआरसी के हैंडओवर होगी हाइड्रोलिक वाहन पार्किंग

- नोएडा के सेक्टर-15 में बनी है पार्किंग
- डीएमआरसी के साथ एमओयू किए जाएंगे साइन

**नोएडा,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-15 के सी ब्लॉक में 400 वाहनों की बहुमंजिला पार्किंग बनकर तैयार है। ये पार्किंग दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन को दी जाएगी। अनुबंध के एमओयू तैयार किए जा रहा है। एमओयू में कुछ शर्तों को रखा जाएगा। इसके लिए एसीईओ स्तर पर जल्द ही एक बैठक होगी। इससे पहले विगत सप्ताह डीएमआरसी के अधिकारियों ने प्राधिकरण के साथ मिलकर पार्किंग का निरीक्षण किया था। वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा ने बताया कि पार्किंग निर्माण से संबंधित दस्तावेज, जैसे पार्किंग डिजाइन, डीपीआर, फायर सेफ्टी, विद्युत यांत्रिकी एनओसी आदि दिए गए है। पार्किंग हैंडओवर होने के बाद संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी डीएमआरसी की होगी। साथ ही सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के नीचे सर्विस लेन पर बनी पार्किंग को समाप्त कर दिया जाएगा। पार्किंग शुरू होने से सेक्टर-15 नयाबांस, सेक्टर-एक गोलचक्कर समेत आसपास के स्थानों पर जाम में कमी आएगी। यह पार्किंग एक निजी कंपनी ने तैयार की है। यह पार्किंग हाइड्रोलिक है, जिस प्राधिकरण लीज डीड शर्त के हिसाब से सेक्टर-15 में तैयार किया गया है। वर्मा ने बताया कि यह पार्किंग सेक्टर-एक गोलचक्कर के पास ही बनी है। यह व्यावसायिक भूखंड है। यह भूखंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेवन आर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया था। यहां पर करीब तीन-चार साल से पार्किंग बनाने का काम चल रहा था। अब बहुमंजिला वाहन पार्किंग बनाने का काम पूरा होने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने इस पार्किंग को टेकओवर किया है। जिसे डीएमआरसी को दिया जाएगा।

## निगम कर्मचारी हित सर्वोपरिः डॉ नितिन गौड

- निगम कर्मचारियों के हुए प्रमोशन, महापौर तथा नगर आयुक्त ने वितरित किए पत्र, निगम कर्मचारी संघ ने जताया धन्यवाद




**गाजियाबाद,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के नेतृत्व में सामान्य अधिष्ठान के कर्मचारियों का प्रमोशन किया गया जो की लगभग 3 वर्ष पूर्व से लंबित चल रहा था। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीपीसी पर कार्यवाही कराई जिस के क्रम में 16 कर्मचारियों को अनुचर से पदोति की गई जिसको वरिष्ठता तथा शिक्षा के आधार पर द्वितीय श्रेणी लिपिक बनाई गये, 15 कर्मचारियों को अनुचर पद में समायोजित किया गया, महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा संबंधित कर्मचारियों को पदोन्नति के पत्र देकर शुभकामनाएं दी गई।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त नितिन गौड़ द्वारा गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ के प्रयासों की भी सरहाना की साथ ही उपस्थित कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को मन लगाकर कार्य करने के लिए भी उत्साहित किया गया गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी का हित सर्वोपरि है उनके हित को ध्यान में रखते हुए जन प्रतिनिधि तथा अधिकारीगण लगातार प्रयासरत है इस प्रकार कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ाया, मौके पर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे साथ ही गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र तथा अन्य पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

## प्रधान डाक परिसर में लगे एटीएम से 4.39 लाख चोरी

**नोएडा,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-19 स्थित प्रधान डाकघर परिसर में लगे एटीएम से चार लाख 39 हजार 500 रुपए चोरी हो गए। रुपए चोरी करने का शक एटीएम की देखरेख करने वाली कंपनी पर जताया गया है। इस मामले में पोस्ट मास्टर ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पोस्ट मास्टर मैन पाल सिंह ने थाने में शिकायत दी कि डाकघर परिसर में एक एटीएम लगा है, जो पांच अगस्त से खराब है। इसको लेकर एटीएम की देखरेख करने वाली कंपनी सिक्योर वैल्यू इंडिया लिमिटेड को सूचित किया गया। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी गोविंद चौधरी ने एटीएम को खोलकर देखा तो मशीन से पीसी गायब था। गोविंद चौधरी ने पोस्ट मास्टर की उपस्थिति में मशीन में उपलब्ध नगदी की जांच की तो उसमें 500 के 44 नोट मिले। बैलेंस के अनुसार मशीन में 500 के 923 नोट होने चाहिए थे। मशीन में 500 के 879 नोट यानी कि चार लाख 39 हजार 500 रुपए कम मिले। पोस्ट मास्टर के मुताबिक चार अगस्त को कंपनी के कर्मचारी गोविंद कुमार चौधरी ने एटीएम में 500 के 600 नोट यानी कुल तीन लाख रुपए डाले थे, जबकि एटीएम में पहले से एक लाख 73 हजार 500 रुपए थे। एटीएम में कुल 500 के 947 नोट थे। ग्राहकों द्वारा एटीएम से 5000 और 7000 की दो निकासी हुई। इसी दौरान एटीएम खराब हो गया। एटीएम के अंदर कुल 461500 बचने चाहिए थे, लेकिन एटीएम में जांच के बाद महज 22000 रुपए पाए गए। पोस्ट मास्टर के मुताबिक कंपनी के किसी कर्मचारी ने ही एटीएम मशीन से रुपए चोरी किए हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक मामले में कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 10 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री का रास्ता हो सकता है साफ, बोर्ड में जाएगा प्रस्ताव

- जिन परियोजनाओं के लिए अधिभोग जारी हो चुके है उनकी हो सकेगी रजिस्ट्री
- रजिस्ट्री के बाद बिल्डरों से वसूला जा सकता है बकाया

**नोएडा,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए बिल्डरों से बाद में बकाया लेने की तैयारी है। ऐसे में जिन परियोजनाओं के लिए अधिभोग प्रमाणपत्र जारी हो चुका है, लेकिन प्राधिकरण का बकाया होने के कारण रजिस्ट्री की अनुमति नहीं मिल पा रही है, उन परियोजनाओं के खरीदारों की रजिस्ट्री शुरू हो सकती है। इससे करीब 10 हजार फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। ऐसे बिल्डरों पर करीब 7-8 हजार करोड़ रुपये प्राधिकरण का बकाया है। यह प्रस्ताव 13 अगस्त को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जा सकता है।

रियल एस्टेट को उबारने और खरीदारों को घर दिलाने-रजिस्ट्री कराने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेज दी है। शासन से यह रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को मिल गई है। केंद्र की बनाई कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में सात सुझाव दिए हैं। इन सुझाव पर अमल करने से नोएडा प्राधिकरण पर क्या फर्क पड़ेगा और फ्लैट खरीदार को कैसे सहूलियत मिलेगी, इसका आकलन करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एक समिति का गठन कर दिया है। एसीईओ मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी में बाकी दोनों एसीईओ के अलावा सीएलए, वित्त नियंत्रक, नियोजन विभाग के महाप्रबंधक को सदस्य बनाया गया है। ये समिति रिपोर्ट तैयार कर उससे संबंधित प्रस्ताव को बोर्ड बैठक में रखेगी। यह सुझाव भी शामिल है कि ओसी और सीसी को डी-लिंक किया जाए। इसका मतलब यह है कि जिन ग्रुप हाउसिंग परियोजना को अधिभोग प्रमाणपत्र जारी हो चुका है, लेकिन बकाया होने के कारण रजिस्ट्री की अनुमति नहीं मिल पा रही है। ऐसे परियोजनाओं में रजिस्ट्री की अनुमति दी जाए। अब प्राधिकरण स्तर पर मंथन हो रहा है कि अगर रजिस्ट्री करवा दी गई तो बिल्डर बकाया और नहीं देंगे। अब अधिकारी विचार कर रहे हैं कि बिल्डरों से बकाया और किन-किन तरीकों से लिया जा सकता है।

## 11 को गणेश अस्पताल मनाएंगा 27वां स्थपना दिवस

- कैंसर का उपचार भी करेगा अस्पताल: डॉक्टर अर्चना शर्मा
- स्थापना दिवस पर कैंसर की निशुल्क होगी ओपीडी की सुविधा, जांच में मिलेगी विशेष छूट




**गाजियाबाद,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। गणेश अस्पताल 11 अगस्त को 27वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। गणेश अस्पताल की चेयरमैन डॉक्टर अर्चना शर्मा ने बताया कि आज गाजियाबाद में भी कैंसर के मरीजों की काफी संख्या में बढ़ोत्तरी हो चुकी है। आधुनिकता भरे जीवन में इस समस्या का असर अब युवा वर्ग पर भी पड़ रहा है। मोबाइल और रेडिशन की समस्या कैंसर जैसी बीमारी उत्पन्न हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए गणेश अस्पताल स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए कैंसर की ओपीडी भी स्थापना दिवस के अवसर में शुरू कर रहे है।

उन्होंने बताया कि ओपीडी की निःशुल्क होगी। वहीं कैंसर की जांचों में भी विशेष छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि गणेश अस्पताल की स्थापना सन 1996 में हुई थी। उन्होंने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने का हमारा प्रयास रहता है। इस मौके पर डा. मोनिशा गुप्ता, जीएम एचआर विराज कुमार सिंह, प्रशासक संजय केसरवानी भी मौजूद रहे।

# लोकल ऑडिट रिपोर्ट में 900 करोड़ की अनियमितता

## 2012 से 2016 तक कुल 49 कार्यों पर पर खर्च की गई अधिक रकम, अब गिरेगी तत्कालीन अधिकरियों पर गाज

***नोएडा, 9 अगस्त (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2012 से 2016 तक नोएडा प्राधिकरण में करीब 900 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितता सामने आई। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा (लोकल ऑडिट) के परीक्षण ने अपनी रिपोर्ट में इसका जिक्र किया है। ये ऑडिट 2018-19 के दौरान कराए गया। इसमें प्राधिकरण की ओर से बिल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए विकास शुल्क की गणना करने, भूति आवंटन और विकास परियोजनाओं में गड़बड़ी की गई। 2017 में सत्ता बदलने के बाद शासन ने नोएडा प्राधिकरण में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए सीएजी को कहा था। उन्होंने करीब एक साल तक प्राधिकरण में जांच की और 400 पेज की एक रिपोर्ट तैयार की। जिसमें 30 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय अनिमितता की बात सामने आई थी। हालांकि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के बाद भी इस पर एक्शन नहीं लिया गया। इनमें से कई फाइलों के जवाब का इंतजार अब भी है। इसके बाद 2018-19 में ही स्थानीय निधि लेखा परीक्षा ने भी नोएडा प्राधिकरण के चार साल के फाइलों की जांच की। जिसमें करीब 900 करोड़ रुपए बड़ी गड़बड़ी सामने आई। ये रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा में पेश की गई। कयास लगाए जा रहे है कि इस रिपोर्ट पर बड़ा एक्शन हो सकता है।***

### लोकल ऑडिट में चार सालों में 49 आब्जेक्शन (2012-13 से 2015-16)

- भूमि अर्जित न होने के कारण कार्य को बीच में अधूरा छोड़ दिये जाने से सेक्टर-153 में ड्रेनेज एवं कलबर्ट के निर्माण पर किया गया 9 करोड़ 23 लाख 77 हजार रुपए वेस्ट होना बताया गया।
- अनुबन्ध किये जाने के बाद कार्य डिजाइन एवं ड्राइंग को परिवर्तित करके कार्य की लागत में 3 करोड़ 96 लाख 51 हजार 837 की वृद्धि करना एवं कार्य को लगभग दो वर्ष निलम्बित करना अनियमित ।
- 'सनग्रेड' की स्टीमेट में स्वीकृत माप वास्तविक कार्य में कम हो जाने पर भी उस पर आधारित अन्य कार्यों की माप 600 प्रतिशत बढ़ जाने से 20 लाख 90 हजार 965 रुपए का कार्य असत्यापित रहने से आर्थिक हानि।
- शासन द्वारा बिना कोई आदेश प्राप्त किये ही प्राधिकरण द्वारा ग्राम बदौली में प्राइमरी स्कूल, जूनियर हाई स्कूल एवं डिस्पैन्सरी के अनुरक्षण पर 70 लाख 34 हजार 501 रुपए का अनियमित एवं अमान्य भुगतान किया जाना।
- मैसर्स आनन्द बिल्डटेक प्रालि को कार्य प्रारम्भ के मात्र 18 दिन बाद बिना कोई कार्य किए एवं बिना वाहय एजेन्सी से सत्यापन कराए 5 करोड़ 10 लाख 74 हजार 291 का भुगतान एवं डिसमेंटल स्टील के मूल्य की कटौती न करके रुपए 13 लाख 06 हजार 997 का अधिक भुगतान। सेक्टर-135 में एचआईजी डयूप्लैक्स भवनों के साथ पटरियों में इंटर लाकिंग टाईल्स लगाने पर 1 करोड़ 23 लाख 43 हजार 187 को भवनों की लागत में सम्मिलित न किये जाने के कारण प्राधिकरण को आर्थिक क्षति ।
- शासनादेश संख्या-4575 / आठ-1-06-87, विविध / 06, दिनांक 14-07-2006 का उल्लघंन कर कार्य में 29 करोड़ 35 लाख 83 हजार 310 (लगभग 90 प्रतिशत) का विचलन किया जाना अनियमित।
- अनुबन्ध संख्या - 179/ नौएडा / CPE/PE-WC-9 / 09-1-2013 में स्थल परिवर्तन कर 8 करोड़ 68 लाख 89 हजार 922 का कार्य कराया जाना अनियमित ।
- सेक्टर-94-95 में एमपी-3 रोड के जंक्शन नंबर-14 पर अंडरपास निर्माण व्यय राशि 43 करोड़ 46 लाख 65 हजार 353 का औचित्य दिल्ली सरकार की भूमि अधिग्रहरण न होने तक निष्प्रयोज्य व्यय।
- 45 मीटर चौड़ी सड़क के सुदृढीकरण कार्य में सभी मदों में कमी होने के बावजूद बिटुमिन कार्य में 20 लाख 20 हजार 360 की वृद्धि की स्थिति अस्पष्ट रहने से वसूली अपेक्षित ।
- सेक्टरों से मलबा उठाने पर बिना टेंडर के प्रतिवर्ष करोड़ो रुपये का अनियमित भुगतान 1 करोड़ 4 लाख 35 हजार 547 का अनियमित भुगतान।
- प्राधिकरण द्वारा सड़को से मलबा उठवाने पर रुपए 29 लाख 94 हजार 69 का व्यय करके मलबा के निस्तारण की स्थिति अस्पष्ट ।
- प्राधिकरण की सम्पत्ति नहीं होने पर भी गोल्फ कोर्स में वाटर सप्लाई हेतु प्राधिकरण द्वारा किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति शर्तानुसार 'गोल्फ कोर्स' द्वारा न किये जाने से अभी तक व्यय किये गये बकाया की धनराशि 2 करोड़ 99 लाख 98 हजार 58 की सीमा तक प्राधिकरण को क्षति ।
- स्वीकृत इस्टीमेट में व्यवस्था न होने पर भी अतिरिक्त आइटम के रूप में स्टील पाइप डालने पर किया गया 20 लाख 43 हजार 769 का भुगतान अनियमित ।
- अनुबंधों में अनियमित रूप से 10 सीसी क्लाज का प्रावधान किये जाने के कारण 1 करोड़ 67 लाख 75 हजार 65 का अधिक भुगतान ।
- स्टेडियम सेक्टर 21ए के विद्युत अनुरक्षण पर करोड़ों रुपये का अपरिहार्य व्यय 7 करोड़ 87 लाख 69 हजार 600 का अपरिहार्य भुगतान।
- मकानों के ऊपर से होकर गुजरने के कारण ओवरहेड लाइन को अंडर ग्राउंड लाइन में प्रतिस्थापित करने पर 2 करोड़ 60 लाख 4,370 का परिहार्य व्यय।
- समान कार्यों के लिये एक ही फर्म की निविदा दरों में अन्तर होने से रुपए 88794.00 एवं 52 नग पोल की स्थिति स्पष्ट न होने से 11 लाख 47 हजार 582 का भुगतान अनियमित ।
- प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाये गये हाईमास्टर लाइट्स की दरों में भिन्नता होने से 23 लाख 10 हजार 69 का अधिक भुगतान।
- प्राधिकरण द्वार उप्र पुलिस विभाग को उपलब्ध कराये गये वाहनों की मरम्मत एवं चालकों के वेतन पर 64 लाख 85 हजार 961 का परिहार्य व्यय।
- यातायात पुलिस, गौतमबुद्धनगर को खड़े वाहनो को हटाने हुए किराये पर क्रेन उपलब्ध कराने के कारण प्राधिकरण निधि पर 1 करोड़ 99 हजार 72 हजार 800 का अनावश्यक व्ययभार ।
- पुलिस विभाग को पेट्रोल कार के रूप में 20 बोलेरो 4 करोड़ 58 लाख 35 हजार 435 किराये एवं 25 इनोवा कार खरीदने के लिए 2 करोड़ 25 लाख 31 हजार 251 कुल 6 करोड़ 83 लाख 66 हजार 686 का अनियमित भुगतान ।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गौतमबुद्धनगर को डीजल , पैट्रोल के लिए 25 लाख 87 हजार 760 का भुगतान अनियमित ।
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गौतमबुद्धनगर को पीसीआर के लिए 40 वाहन चालकों 11 लाख 40 हजार 756 का भुगतान किया जाना प्राधिकरण निधि पर अनावश्यक व्यय भार ।
- प्राधिकरण द्वारा अन्य विभागों हेतु निर्मित भवनों को हस्तान्तरित न किये जाने के कारण संचालन व्यय किये जाने के कारण प्राधिकरण निधि पर 23 करोड़14 लाख 96 हजार 224 का अनावश्यक व्यय भार।
- अनुरक्षण कार्य में मानक से अधिक माली रखने के कारण रुपये 2 करोड़ 53 लाख 51 हजार 900 का अधिक भुगतान।
- मै0 सांई नर्सरी एण्ड फार्म को 170 नग पौधों के अनुरक्षण हेतु मानक के अनुसार रुपये 15.90 प्रति पौधे के स्थान पर 6 नग माली प्रतिमाह रखने पर रुपए 6 लाख 50 हजार 575 अधिक भुगतान।
- मैसर्स नेहा नर्सरी को बिना कार्य के श्रमिकों पर एवं बिना आपूर्ति लिये पौधों के रोपण, अनुरक्षण एवं सिचाई पर किया 16 लाख 12 हजार 410 का भुगतान असत्यापित एवं अमान्य 7
- महामाया बालिका इण्टर कालेज में स्थित पार्कों के विकास एवं अनुरक्षण कार्यों पर 2 करोड़ 03 लाख 59 हजार 299 औचित्यहीन व्यय।
- पंचशील इंटर कालेज सेक्टर-91 के विकास एवं अनुरक्षण कार्य पर 45 लाख 25 हजार 893 का अत्याधिक व्यय किया जाना व मंहगे पौधे लगाया जाना अनियमित ।
- सेक्टर-46,47 एवं 48 के पार्कों का दो वर्षीय अनुरक्षण कार्य हैंड ओवर न किये जाने के कारण 32 लाख 34 हजार 824 का संदिग्ध अनुबन्ध ।
- अनुसूचित जाति / जनजाति महिला छात्रावास के सौन्दर्यीकरण में पेड़ पौधे को लगाने एवं उनके अनुरक्षण पर अत्यधिक 1 करोड़ 52 लाख 53 हजार ।
- अनुसूचित जाति / जनजाति छात्रावास में वृक्षारोपण हेतु अत्यधिक मंहगे पौधो पर 56 लाख 31 हजार 342 का अनियमित भुगतान ।
- टेण्डर अनुबन्धों के अन्तर्गत कार्य न कराकर अनुरक्षण कार्यों में पृथक से ठेकेदारों के माध्यम से माली लेकर कार्य कराये जाने से 1 करोड़ 72 लाख 04 हजार 256 का अनियमित भुगतान।
- प्राधिकरण रेट पर दी गई संपत्तियों का अनुबंध उचित मूल्य के स्टांप पर न कराए जाने से राज्य सरकार को महज 11 संपत्तियों पर 63 लाख 98 हजार की क्षति।
- प्राधिकरण द्वारा समय से किराया नहीं लिए जाने पर 1 अरब 34 करोड़ 71 लाख 60 हजार 940. की भारी धनराशि बकाया रहने से आर्थिक क्षति ।
- सेक्टर-73 में 624 नग EWS भवनों के निर्माण में अत्यन्त विलम्ब होने के कारण सम्बन्धित ठेकेदार से 73 लाख 47 हजार (लगभग) की कटौती न किये जाने से आर्थिक क्षति ।
- असृजित पदों पर ठेकेदार के माध्यम से लेबरों को रख कर भुगतान 56 करोड़ 38 लाख का व्यय।
- बिना माप कराये (अनमेजर्ड) ही फर्मो के बिलों का भुगतान कराया जाने से 1 अरब 83 करोड़ 82 लाख 48 हजार 979 रुपए अनियमित व्यय ।
- प्राधिकरण के समस्त निर्माण / विकास कार्य कराने वाले खण्डों सिविल खण्ड, विद्युत यांत्रिकी, जल, उद्यान आदि के द्वारा विभिन्न कार्यो के अनुबन्ध पर जमानत की राशि पर 10 प्रतिशत की दर से न करके कम दर पर किये जाने से 63 करोड़ 24 लाख 64 हजार 721 की क्षति ।
- प्राधिकरण द्वारा अनेक ग्रामों में विद्यालय, सडक आदि निर्माण विकास एवं अनुरक्षण कार्यो पर धनराशि व्यय किये जाने का स्पष्ट शासनादेशों के अभाव में किया गया व्यय 2 अरब 12 करोड़ 27 लाख 38 हजार 164 का अनियमित एवं अमान्य भुगतान।
- प्राधिकरण द्वारा नोएडा शहर / ग्रामों में स्कूल एवं कालेजो के निर्माण पर 53 लाख 79 हजार 231 का अग्राह्य व्यय।
- प्राधिकरण के विभिन्न खण्डों द्वारा करायें जा रहे निर्माण, विकास / अनुरक्षण कार्यों के ठेकेदारों को निर्माण स्थल उपलब्ध सामान / सामग्री का स्वीकृत दर 25 प्रतिशत से अधिक दर 75 प्रतिशत के बराबर धनराशि का भुगतान सिक्योर्ड एडवांस के रूप में किये जाने से 41 करोड़ 92 लाख 64 हजार 484 का अनियमित भुगतान ।
- निर्माण कार्यों में प्रयुक्त खनिजों पर रायल्टी की कटौती न किये जाने के कारण 61 लाख 10 हजार 176. की राजस्व क्षति ।
- खुदाई से प्राप्त मिटटी के डिस्पोजल की स्थिति स्पष्ट न होने के कारण ढुलाई व्यय 1 करोड़ 91 लाख 85 हजार 150 का अनियमित भुगतान ।
- लेबर सेस का दोहरा भुगतान करने से 13 लाख 19 हजार 455. का अनियमित एवं अधिक भुगतान ।
- वर्क सर्किल -6 द्वारा बड़ी संख्या में इस प्रकार के निर्माण / विकास कार्य भी कराये जा रहे थे, जो प्राधिकरण का दायित्व ही नहीं था । सम्परीक्षा की दृश्टि से इस प्रकार के सभी भुगतान अनियमित ।

2012 से 2016 तक अधिकारियों का खुलेगा चिट्ठा

इस समय रियल स्टेट बूम के अलावा तमाम परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा था। अंधाधुंध जमीन का आवंटन भी किया। रिपोर्ट आने के बाद इस समय अंतराल में प्राधिकरण में तैनात तत्कालीन अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। उनकी जांच कराई जा सकती है।

# प्रादेशिकी

## घर की छत गिरने से नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत, एक जख्मी

**सोलन,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में बुधवार तड़के मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने बताया कि हादसा जौना जी मार्ग पर कोटला गांव में सुबह करीब 400 बजे के आसपास पेश आया। स्थानीय निवासी जगदीप ठाकुर के कच्चे मकान की छत ढह गई, जिसके चलते नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के समय मकान के भीतर दो व्यक्ति सो रहे थे। पुलिस ने मृतक की पहचान 32 साल के अर्जुन के तौर पर हुई है जबकि 63 वर्षीय अशोक घायल हुआ है। उधर, जैसे ही मकान की छत गिरने की सूचना मालिक जगदीप ठाकुर को मिली, वो तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। घायल अवस्था में दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अर्जुन को मृत घोषित कर दिया गया।

## कांग्रेस में अंतर्कलह स्पष्ट, प्रदेश का विकास अवरुद्ध : धर्माणी

**शिमला,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अंतर्कलह चरम सीमा पर पहुंच रही है, जिस प्रकार से एक के बाद एक कांग्रेस के नेता अपना दर्द जनता के समक्ष ला रहे हैं उसे पूर्ण रूप से दिखाई देता है कि कांग्रेस एक विभाजित राजनीतिक दल है। कांग्रेस नेता पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं और आज इसका एक और प्रत्यक्ष उद्धरण हमारे सामने आया है।



आज कांग्रेस नेता राजेंद्र राणा की फेसबुक पोस्ट और उस पर पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा का समर्थन यह स्पष्ट करता है कि राजेंद्र राणा कांग्रेस में एक युद्ध का आगाज करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन वाली सरकार की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सामने आए दिन नई परेशानी खड़ी हो जाती है इससे प्रदेश का विकास रुक गया है। मुख्यमंत्री के सामने अब एक और नई समस्या आ खड़ी हुई है, सुजानपुर से विधायक राजिंदर राणा ने फेसबुक पर एक पोस्ट लिखा है। इस पोस्ट में राणा का दर्द साफ तौर पर झलकता हुआ नजर आ रहा है, राणा ने महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए हिमाचल कांग्रेस में भी महाभारत की चर्चाओं को हवा दे दी है। राजिंदर राणा ने लिखा– जो विवादों से दूर रहते हैं, वही दिलों पर राज करते हैं। जो विवादों में उलझ जाते हैं, वे अक्सर दिलों से भी उतर जाते हैं। महाभारत का प्रसंग देखिए– पांडवों ने सिर्फ पांच गांव ही तो मांगे थे और दुर्योधन ने सुई की नोक के बराबर भी जमीन देने से इनकार कर दिया था। एक ज़िद ने महाभारत रच दिया। सुकून भरी जिंदगी के लिए विवादों से दू बेहद जरूरी। राणा की इसी पोस्ट पर मंत्री पद की दौड़ में शामिल विधायक सुधीर शर्मा ने भी कमेंट किया है सुधीर शर्मा ने लिखा– तुलसी नर का क्या बड़ा, समय बड़ा बलवान। भीलां लूटी गोपियां, वही अर्जुन वही बाण। यानीतुलसीदास जी कहते हैं– समय ही व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ और कमजोर बनता है।

## सुक्खू सरकार में सियासी महाभारत छिड़ने के आसार

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 9 अगस्त (देशबन्धु)। सुक्खू सरकार में सियासी महाभारत छिड़ने के आसार हैं। राज्य सरकार में मंत्री पद की दौड़ में शामिल दो नेताओं ने महाभारत छेड़ने के संकेत दिए हैं। दोनों ही कांग्रेस विधायकों राजेंद्र राणा व सुधीर शर्मा के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पोस्ट से यही संकेत मिल रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल राजेंद्र राणा के पोस्ट में जहां पांडवों द्वारा मांगे गए 5 गांवों का जिक्र है, वहीं सुधीर शर्मा के पोस्ट में अर्जुन के गांडीव व भीलों का उल्लेख है। सनद रहे कि इससे पहले पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह व कांग्रेस विधायक कुलदीप राठौर भी कांग्रेस सरकार व संगठन में तालमेल की कमी जता जुके हैं।

सियासी महाभारत के संकेत सुजानपुर के कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा की सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट से मिले। राणा के बाद धर्मशाला के कांग्रेस विधायक सुधीर शर्मा भी सियासी रण में कूदे। राजिंदर राणा का सोशल मीडिया पर किया गया पोस्ट

जो विवादों से दूर रहते हैं , वही दिलों पर राज करते हैं,

जो विवादों में उलझ जाते हैं , वे अक्सर दिलों से भी उतर जाते हैं,

राणा की पोस्ट में महाभारत का प्रसंग : पांडवों ने सिर्फ पांच गांव ही तो मांगे थे और




- कांग्रेस का सत्याग्रह अभियान रहेगा जारी
- पुलिस गिरफ्तार करेगी तो उसके लिए तैयार कांग्रेस

दुर्योधन ने सुई की नोक के बराबर भी जमीन देने से इंकार कर दिया था।

एक जिद ने महाभारत रच दिया। सुकून भरी जिंदगी के लिए विवादों से दूरी , है बेहद जरूरी।

इसके जवाब में सुधीर शर्मा ने पोस्ट किया

तुलसी नर का क्या बड़ा ,समय बड़ा बलवान।

भीलां लूटी गोपियाँ , वही अर्जुन वही बाण॥ आचार्य तुलसीदास के दोहे का तात्पर्य है कि समय ही व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ और कमजोर बनता है। अर्जुन की गांडीव की टंकार से महाभारत के बड़े बड़े योद्धा घबराते थे, मगर उनका वक्त बदला तो उसी के सामने भीलों ने गोपियों को लूट लिया।

उल्लेखनीय है कि राजेंद्र राणा स्व. वीरभद्र सिंह के करीबी रहे हैं। वह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे हैं। राणा ने 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कद्दावर नेता प्रो. धूमल को पराजित किया था। इसके बाद वह 2022 का चुनाव भी जीते। लगातार दो चुनाव जीतने के बाद उन्हें मंत्री पद की दौड़ में माना जा रहा था। मगर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला से होने व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से ही ुप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के होने की वजह से मंत्री पद उनसे दूर हो गया। अलबत्ता राजिंदर राणा की फेसबुक पर यह पोस्ट चर्चा का विषय बन गई है। कमोवेश यही स्थिति सुधीर शर्मा के मामले में भी है। वह पूर्व वीरभद्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनके पिता स्व. पंडित संत राम भी कांग्रेस सरकारों में मंत्री रहे। मगर इस बार राजनीतिक हालात व समीकरण कुछ इस तरह बने हैं कि सुधीर को मंत्रिमंडल में जगह पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

## कर्मचारियों ने लघु सचिवालय में डाला दो दिवसीय महापड़ाव

**सिरसा,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर डीसी ऑफिस पर दो दिनों का महापड़ाव लगाया गया, जिसमें सभी ट्रेड यूनियनों के कर्मचारियों ने भाग लिया लिया।

पड़ाव की अध्यक्षता सीटू से कृपा शंकर त्रिपाठी ने की। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रेस सचिव व सिरसा डिपो प्रधान पृथ्वी सिंह चाहर ने बताया किट्रेड यूनियनों के आह्वान पर दो दिवसीय महापड़ाव डाला गया है। सभा को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हरियाणा व केन्द्र की सरकार लगातार कर्मचारी, किसान व मजदूर विरोधी नीतियों को तीव्र गति से लागू कर रही है, जिस कारण आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। लगातार अर्थव्यवस्था नीचे जा रही है, फिर भी देश के कुछ बड़े पूंजीपतियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। श्री पृथ्वी चाहर ने बताया कि राज्य व केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग है की कि जल्द ही कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, सरकारी विभागों का विस्तार किया जाए, कौशल रोजगार निगम भंग किया जाए, चारों काले लेबर कोड रद्द किए जाएं।

इस अवसर पर नत्थुराम भारूखेड़ा, एसकेएस से सोहन सिंह रंधावा, किसान नेता स्वर्ण सिंह विर्क, सुखदेव सिंह ज मू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से महेंद्र शर्मा, रवि कुमार, दर्शना आशा वर्कर, तिलकराज, प्रोमिला, आत्माराम सहारण, सोहनलाल भारूखेड़ा, सोनू, पिंकी आशा वर्कर, राजरानी, बलबीर कार गांधी, वीरो रानी, पृथ्वी सिंह चाहर, ताराचंद, अविनाश कंबोज, निर्मल सिंह, विजय कुमार ढुकड़ा, त्रिलोक नागोकी, जोगिंद्र, सिकंदर, आत्माराम, मोहनलाल सहारण, जिला सहसचिव सुभाष ढाल, आत्मा बरासरी, निशान सिंह, शैलेंद्र कुमार, जगतपाल सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार संक्षेप

### हिमाचल के आईजीएमसी में स्क्रब टायफस के छह नए मामले : डॉ. राव

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में देर रात स्क्रब टायफस के एक साथ छह नए मामले आने से हड़कंप मचा रहा। चिकित्सक मरीजों को बीमारी के दौरान अधिक सतर्कता बरतने को कह रहे हैं जिससे यह विकराल रूप न धारण करे। आईजीएमसी में रोजाना हजारों की तादाद में मरीज इलाज के लिए आते हैं लेकिन कुछ मरीज तेज बुखार और कंपकंपी की शिकायत लेकर ओपीडी में उपचार के लिए आए थे। इनमें से मरीजों की जांच की गई तो शाम तक छह मरीजों की स्क्रब टायफस की रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। इनमें शिमला, सोलन, बिलासपुर समेत आसपास से उपचार करवाने आए मरीज शामिल हैं। फिलहाल सभी की हालत स्थिर है। अब तक स्क्रब टायफस पॉजिटिव आए मरीजों की संख्या 35 पहुंच गई है। आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि स्क्रब टायफस के लक्षण दिखने पर मरीज तुरंत अस्पताल आकर उपचार करवाएं। इससे समय रहते उपचार शुरू हो सकेगा। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक अस्पताल में उपलब्ध है। तेज बुखार 104 से 105 तक आ सकता है व जोड़ों में दर्द और कंपकंपी के साथ बुखार आनाशरीर में ऐंठन अकड़न या शरीर टूटा हुआ लगनाअधिक संक्रमण में गर्दन, बाजू के नीचे कूल्हे के ऊपर गिल्टियां आना। उन्होंने कहा कि शरीर में सफाई का ध्यान रखें। घर और आसपास के वातावरण को साफ रखें। घर के चारों ओर घास, खरपतवार नहीं उगने दें। घर और आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। स्क्रब टायफस के लक्षण दिखे तो तुरंत करवाएं जांच।

### पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार है हिमाचलः ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव सुन्दर सिंह ठाकुर ने बुधवार को यहां कहा कि पिछले कुछ समय से हिमाचल प्रदेश भारी प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा था। इस त्रासदी से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को व्यापक क्षति पहुंची है। श्री ठाकुर ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा परन्तु सरकार की प्रतिबद्धता से रिकॉर्ड समय में सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को बहाल किया गया। राष्ट्रीय राजमार्गों सहित सम्पर्क सड़कों को पुनः बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। सरकार पयर्टकों की सुरक्षा और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धहै। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर्यटकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और यहां कि मन भावन वादियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे दूर-दराज क्षेत्रों में होटलों व होम-स्टे इत्यादि में पर्यटकों ने भारी तादाद में बुकिंग करवाई है।

### सुडोकू 6282 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 |

## जयराम ठाकुर आज भी झूठ की राजनीति कर रहे हैं : अनिरुद्ध सिंह

**शिमला,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज भी झूठ की राजनीति कर रहे हैं और सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया। दोनों मंत्रियों ने बुधवार को यहां जारी एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम राहत राशि जारी करने के उनके दावे बिल्कुल झूठ हैं और केंद्र की ओर से अभी तक अंतरिम राहत की पहली किश्त भी जारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि श्री जय राम ठाकुर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास न करें और राजनीति करने की बजाय हिमाचल प्रदेश के हित में केंद्र से आर्थिक मदद दिलाने में राज्य सरकार की सहायता करें। मंत्रियों ने कहा कि ऑडिट पैरा के कारण पिछले कुछ वर्षों की रुकी हुई 315 करोड़ रुपए की राहत राशि में से केंद्र सरकार की ओर से 189 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इन ऑडिट की आपत्तियों को राज्य सरकार के प्रयासों से दूर किया गया, लेकिन अभी भी कुल राशि में से बकाया राशि जारी करना बाकी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को एसडीआरएफ के अंतर्गत प्रति वर्ष कुल 360 करोड़ रुपए आपदा से हुए नुकसान की एवज में दो किस्तों में जारी की जाती हैं। 180 करोड़ रुपए की पहली किस्त को केंद्र सरकार ने जून में जारी किया तथा दिसंबर में मिलने वाली दूसरी 180 करोड़ रुपए की किस्त को एडवांस में प्रदेश को दिया है। यह 360 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश का हक हैं, जो सभी राज्यों को दिए जाते हैं तथा अलग से कोई आर्थिक मदद जारी नहीं की गई है।

प्रो. चंद्र कुमार और अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में अभूतपूर्व आपदा के कारण प्रदेश को 8000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## विधायक गोपाल कांडा के आवास व प्रतिष्ठानों पर ईडी की छापेमारी

**सिरसा,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के विधायक एवं क्षेत्रिय दल हरियाणा लोकहित पार्टी के सुप्रीमों गोपाल कांडा के गुरूग्राम स्थित आवास,एयरलाइंस ऑफिस व गोआ केसिनों पर बुधवार तड़के छह बजे से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने छापेमारी की। सिरसा स्थित महल में भी ईडी की टीम के आने की दिनभर चर्चा रही जिससे मीडिया,सियासी दलों के नेताओं व खुफि या व सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने टकटकी लगाए रखी। गुरूग्राम में छापेमारी सिरसा में खासा असर देखने को मिला। यहां आवास व कार्यालय पर हर रोजकी भांति रौनक नहीं थी। श्री कांडा के समर्थकों ने छापामारी के मिले समाचारों के बाद विधायक गोपाल कांडा व अनुज गोबिंद कांडा के मोबाइल पर बार बार कॉल की मगर वे बंद मिले।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार विधायक गोपाल कांडा का परिवार राजस्थान में जीण माता के माथा टेकने के बाद गुरूग्राम आवास




पर पहुंचा था। ईडी के अधिकारियों ने अपनी कार्यवाही के दौरान सभी पारिवारिक सदस्यों के मोबाइल फोन बंद करवा दिए। ईडी की टीम तीन गाडियों में सीआरपीएफ व हरियाणा पुलिस के साथ गुरूग्राम स्थित आवास व कार्यालय पर पहुंची थी।

गौरतलब है कि बीती 25 जुलाई को दिल्ली की एक अदालत द्वारा सिरसा के विधायक एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा को एयरहोस्टेस गीतिका शर्मा सुसाइड केस में बरी हुए थे कि आज गोपाल कांडा के आवास पर कार्यालयों पर हुई छापेमारी ने नई मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। गोपाल कांडा का रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल, एजुकेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर, मीडिया, कार्गो, इंफ ोटेक, होटल, रिसोर्ट सहित कई कारोबार हैं। उनका गोवा के अलावा नेपाल में भी एक कैसिनो है। गोपाल कांडा का सिरसा में ऐलनाबाद पर बना महल वहां से गुजरने वाले हर शख्स का बर्बस ध्यान खिंचता है। कांडा को मंहगी व लग्जरी गाडियों का शोंक है।

उल्लेखनीय है कि गोपाल कांडा ने 1997 में सिरसा में शू कैंप के नाम से जूतों का एक बड़ा शोरुम खोलने के बाद 1998 में गुडगांव का रुख किया। जूतों का कारोबार करने के बाद रियल एस्टेट के कारोबार में हाथ आजमाया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ सटा गुडगांव भी उस समय विकास की ओर बढ़ रहा था। रियल एस्टेट के कारोबार में हाथ आजमाने के बाद गोपाल को सफ लता मिली तो उन्होंने पिता और बेटे के नाम पर एक एयरलाइंस कंपनी बना ली।

## देवी देवताओं के दर्शन के लिए शुल्क रखना सर्वथा अनुचित : ठाकुर

**शिमला,** 9 अगस्त (एजेंसियां) हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा माता चिंतपूर्णी के दर्शन के लिए शुल्क का प्रावधान किए जाने का फ़ैसला सर्वथा अनुचित और दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार इस फ़ैसले को तुरंत वापस ले।

भारतीय जनता पार्टी के नेता ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और देव भूमि में देवी–देवताओं के दर्शन के लिये 1100 रुपये का शुल्क लगाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज के पहले प्रदेश में ऐसा कभी नहीं हुआ है और हम इस परम्परा के ख़िलाफ़ हैं। उन्होंने कहा कि वीआईपी कल्चर को खत्म करने की ज़रूरत है लेकिन प्रदेश सरकार का फैसला इसे बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने कहा,''मंदिर में आने वाले लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखना और दर्शनार्थियों के लिए सभी प्रकार की



सुविधाएं प्रदान करना सरकार का कर्तव्य है। वह किसी श्रद्धालु के साथ भेदभाव नहीं कर सकती।''

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश की आय बढ़ाने के और भी उपाय है। जिसे सरकारें करती रहती हैं लेकिन इस तरह से आय के साधन बढ़ाने का यह सरकारी फ़ैसला ग़लत है। उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों के आस–पास के इंफ़्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाती है। जिससे मंदिरों और शक्तिपीठों में दर्शनार्थी आते हैं और पर्यटन स्वत: बढ़ता और प्रदेश की आय में वृद्धि होती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देव भूमि है। हमारे मंदिर और शक्तिपीठ ही हमारी पहचान हैं। आज माता चिंतपूर्णी में वीआईपी दर्शन शुल्क लगा दिया, आगे किसी और मंदिर में लगा देंगे। यह ग़लत परंपरा है और देवभूमि हिमाचल में हम इसे नहीं चलने देंगे। मंदिरों से पर्यटन की गतिविधियां संचालित होती हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उनके आवागमन से ही प्रदेश पर्यटन को लाभ मिलता है। इसलिए सरकार आय के साधन बढ़ाने के अन्य विकल्पों पर गौर करे। प्रदेश के देव स्थानों में वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क लगाने की बजाय श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखे।

## बीमा क्लेम की मांग को लेकर पानी टंकी पर चढ़े 4 किसानों का आठवां दिन

**सिरसा,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिले के गांव नारायण खेड़ा के जलघर में बनी पानी की टंकी पर चार किसान पिछले आठ दिनों से चढ़े हुए हैं। गर्मी में उमस के कारण किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मगर यह निश्चित नहीं की बीमा क्लेम कब मिलेगा। जिला प्रशासन के अधिकारी स्पष्ट तौर पर बताने के लिए तैयार नहीं है। वहीं 13 किसान व सरपंच आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता अशोक तंवर,इनेलो नेता करण चौटाला,पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिला खेड़ा, भारतीय किसान यूनियन के रवि आजाद, भारतीय किसान यूनियन चढुनी के जिलाध्यक्ष सिकंदर रोड़ी , गोकुल सेतिया,हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद सिंह भारूखेड़ा, किसान नेता प्रकाश ममेरां,डॉ वीरेंद्र सिवाच, लीलू राम डूडी, दौलत चौधरी,सहित कई सियासी पार्टियों और किसान संगठनों के नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को अपना समर्थन दिया।

पानी की टंकी पर चढ़े किसान भरत सिंह




ने बताया कि किसानों को अभी तक बीमा क्लेम नहीं मिला है। किसानों की जान लेकर शायद बीमा दिया जाएगा। क्योंकि पानी की टंकी पर उमश व गर्मी में चक्कर आ रहे हैं। जगह नहीं होने पर अच्छे से सो नही पा रहे हैं। टंकी पर रात्रि के समय काफी तकलीफ झेलनी पड़ती है। टंकी पर चढ़े किसानों की सूचना दूसरे किसानों को जैसे जैसे मिल रही है हरियाण, पंजाब, राजस्थान व अन्य स्थानों से ट्रैक्टर ट्रालियों व निजी वाहनों से किसान नारायण खेड़ा गांव में पहुंचने लगे। किसानों ने जलघर के अंदर टेंट भी लगाया हुआ है जहां किसान दिनभर नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सड़कों को 15 अगस्त तक बहाल करने की योजना: सुक्खू

**शिमला,** 9 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि रोहड़ू में प्राकृतिक आपदा के कारण लगभग 340 करोड़ रुपये की क्षति हुई है जिसमें लोक निर्माण विभाग के 155 करोड़ रुपये, राजस्व विभाग के 84 करोड़ रुपये, जल शक्ति विभाग के 69 करोड़ रुपये, बागवानी विभाग के 23 करोड़ रुपये और अन्य विभागों के नौ करोड़ रुपये शामिल हैं।

श्री सुक्खू ने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को 15 अगस्त तक बहाल करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत, बागवानी और कृषि सहित विभिन्न विभागों को हुई क्षति का भी आकलन किया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में 34 घर पूरी



**किसानों और बागवानों के उत्पादों के सुचारू परिवहन और बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ 24 घंटे इस दिशा में कार्य करने के लिए कहा गया है: सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री**

तरह और 819 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त आपदा के कारण 137 गऊशाला और 21,000 सेब के पौधों को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि लोगों को राहत प्रदान करने के लिए विधानसभा क्षेत्र में पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से प्रभावित 120 परिवारों को 1.09 करोड़ रुपये की राहत राशि जारी की गई है।

उन्होंने रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की बहाली के कार्य में तेजी लाने के लिए लोक निर्माण विभाग को तत्काल एक करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की। मुख्य एवं सम्पर्क सड़कों के महत्व को देखते हुए रोहड़ू, छौहारा, जुब्बल और कोटखाई विकास खण्डों में क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए 1.20 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और बागवानों के उत्पादों के सुचारू परिवहन और बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ 24 घंटे इस दिशा में कार्य करने के लिए कहा।

मुख्यमंत्री ने आवश्यकतानुसार अस्थाई सड़कें निर्मित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि 15 अगस्त तक सभी सम्पर्क सड़कों को यातायात के लिए पूरी तरह से खोल दिया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और उपायुक्त शिमला को सरकार को कार्य–प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति को सामान्य करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य में आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

### प्रभावित बागवानों को बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सेब के बागीचों को हुए नुकसान के व्यापक आकलन का कार्य प्रगति पर है और प्रभावित बागवानों को बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा। श्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने राहत नियमावली में संशोधन कर मुआवजा राशि को कई गुना तक बढ़ा दिया है और नये दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रभावितों को राहत राशि प्रदान की जायेगी। इससे पहले श्री सुक्खू ने बुधवार को शिमला जिले के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के लैला में हाल ही में बादल फटने से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने आपदा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने उपमंडलाधिकारी (ना.) रोहड़ू को 12 घंटों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, जिसमें प्रभावित परिवारों को देय वित्तीय सहायता की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह यहां प्रभावितों का दु:ख–दर्द साझा करने आये हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने लैला में क्षतिग्रस्त नाले के तटीयकरण की शीघ्र बहाली और बादल फटने के कारण क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय की दीवार की शीघ्र मरम्मत का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि बादल फटने की घटना में कई घरों में मलबा घुस गया है। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों का हरसंभव सहयोग कर रही है। श्री सुक्खू ने कहा कि वह स्वयं और सभी मंत्री सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर पीड़ितों को सहायता प्रदान कर रहे हैं। आपदा के दौरान प्रभावित परिवारों के साथ एकजुट खड़े रहने के यह प्रयास सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

